मुख्यालय

स्मारकों, संग्रहालयों, संस्थाओं, पार्कों व उपवनों आदि की प्रबन्धन, सुरक्षा एवं अनुरक्षण समिति, लखनऊ।
मुख्य प्रशासनिक भवन, रमाबाई अम्बेडकर मैदान एवं अन्य विभिन्न सम्बद्ध क्षेत्र, शारदा नगर, लखनऊ–226002।
E-mail : ho.ssps@yahoo.in

प्रेषक,	सेवा में,
सदस्य सचिव, स्मारक समिति/ उपाध्यक्ष, लखनऊ विकास प्राधिकरण, लखनऊ।	समस्त हेल्थ इंश्योरेंस कम्पनी. लखनऊ

पत्रांक- 512 /प्र0(वि0)/एल.आई.सी.-83/स्मा0समिति/24-25 दिनांक- 04/12/2024

विषयः सामूहिक स्वास्थ्य बीमा योजना की कैशलेस सुविधा लागू किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

विषयान्तर्गत अवगत कराना है कि वर्तमान में स्मारक समिति में लगभग 5200 कार्मिक कार्यरत है, जिन्हें सामूहिक स्वास्थ्य बीमा योजना की कैशलेस सुविधा से आच्छादित किया जाना प्रस्तावित है।

2. प्रश्नगत सम्बन्ध में आपसे अपेक्षित है कि संलग्न कार्मिकों की सूची अनुसार सामूहिक स्वास्थ्य बीमा योजना का लाभ अनुमन्य किये जाने हेतु आपके संस्थान द्वारा संचालित न्यूनतम दरों पर कैशलेस हेल्थ इंश्योरेन्श पॉलिसी ऑफर (वार्षिक प्रीमियम) उपलब्ध कराने का कष्ट करें, ताकि सम्यक् विचारोपरान्त सर्वोत्तम सामूहिक स्वास्थ्य बीमा योजना लागू कर स्मारक समिति के कार्मिकों को लाभान्वित किया जा सके।

3. अतः कैशलेस हेल्थ इंश्योरेन्श पॉलिसी ऑफर/प्रस्ताव आगामी दिनांक-16.12.2024 तक विभाग की ई-मेल-ho.ssps@yahoo.in पर उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

(प्रथमेश कुमार)
सदस्य सचिव, स्मारक समिति/
उपाध्यक्ष, लखनऊ विकास प्राधिकरण

प्रतिलिपि :-

1. मुख्य प्रबन्धक, स्मारक समिति को सूचनार्थ।
2. वित्त नियंत्रक, लखनऊ विकास प्राधिकरण, लखनऊ को सूचनार्थ।
3. प्रबन्धक (वित्त/प्रशासन/अनुरक्षण) एवं समस्त प्रबन्धकों व प्रभारियों, स्मारक समिति को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
4. श्री राजेश कुमार गुप्ता, सर्वर नेटवर्क इंजीनियर को वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।
5. समस्त कार्मिकों को इस आशय से सूचित किया जा रहा है कि वें समिति की वेबसाइट पर कार्मिक लॉगिन करते हुए अपना तथा अपने परिवार का विवरण 01 सप्ताह के भीतर प्रविष्ट करना सुनिश्चित करें।
6. सूचना पट पर चस्पा हेतु।

(प्रथमेश कुमार)
सदस्य सचिव, स्मारक समिति/
उपाध्यक्ष, लखनऊ विकास प्राधिकरण

Scanned with OKEN Scanner